दूरभाष : 07774-261609
Telephone : 07774-261609
फैक्स : 07774-261601
Fax : 07774-261601
E-mail : ssambikapur@sainikschoolsociety.in
Website : www.sainikschoolambikapur.org.in

**सैनिक स्कूल अम्बिकापुर**
(रक्षा मंत्रालय के अधीन संचालित)
**Sainik School Ambikapur**
(Under the aegis of **Ministry of Defence**)
मेण्ड्राकलां, Mendra Kalan
जिला – सरगुजा (छत्तीसगढ़)
Dist – Surguja (Chhattisgarh)
पिन कोड – 497 001
Pin Code – 497 001

SSAP/Est/Parent Corrsp/1018/ 749 28 सितम्बर 2024

**शीतावकाश : शैक्षणिक सत्र 2024–25**

प्रिय अभिभावक,

1. सैनिक स्कूल अम्बिकापुर के सत्र 2024–25 के लिए शीतावकाश दिनांक **14 अक्टूबर 2024** से **11 नवम्बर 2024** तक रहेगा।

2. दिनांक 11 अक्टूबर 24 से 13 अक्टूबर 24 तक शासकीय अवकाश पूर्व निर्धारित है अतः अभिभावक अपने पाल्य को 10 अक्टूबर 24 को निर्धारित शिक्षक अभिभावक सम्मेलन के समाप्ति पश्चात् साथ में ले जा सकते हैं।

3. शीतावकाश के पश्चात् अभिभावक को दिनांक **11 नवम्बर 2024** को सायं 05:00 बजे से पहले अपने साधन द्वारा सैनिक स्कूल अम्बिकापुर में अपने पाल्य को पहुंचाना होगा। नियत तिथि पर उपस्थित न होने पर उप प्राचार्य द्वारा अभिभावक तथा कैडेट के साक्षात्कार के बिना कैडेट को स्कूल आने की अनुमति नहीं दी जाएगी। **देर से आने वाले कैडेटों के खिलाफ सैनिक स्कूल सोसायटी के नियमानुसार अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाएगी।**

4. कैडेटों के प्रशिक्षण, प्रगति व प्रदर्शन एवं उनके सर्वांगिण विकास तथा स्कूल से अपेक्षित क्रियाकलापों पर विचार–विमर्श व सुझाव प्राप्त करने के उद्देश्य से सैनिक स्कूल अम्बिकापुर में **शिक्षक अभिभावक सम्मेलन** का आयोजन दिनांक 10 अक्टूबर 2024 को प्रातः 10:00 बजे से किया जाना है, जिसमें सभी अभिभावकों की उपस्थिति अनिवार्य है। यह देखा गया है कि शिक्षक अभिभावक सम्मेलन में अभिभावकों की उपस्थिति न्यूनतम होती है। आपसे अनुरोध है कि स्कूल द्वारा आयोजित शिक्षक–अभिभावक सम्मेलन में अवश्य भाग लें एवं अपने सुझाव/शिकायतों से स्कूल प्रशासन को अवश्य अवगत कराएं ताकि आवश्यकतानुरूप कार्यवाही की जा सके।

5. सभी अभिभावकों से अनुरोध है कि आप अपने पाल्य का शैक्षणिक सत्र 2024–25 के पीरियोडिक टेस्ट–2 परीक्षा का प्रगति पत्रक शिक्षक–अभिभावक सम्मेलन के समाप्ति पश्चात् कक्षा शिक्षक से प्राप्त कर सकते हैं।

6. अवकाश के समय कैडटों को गृहकार्य दिया जाता है। गृहकार्य परीक्षाओं के लिए आधार का काम करेंगे। अतः अभिभावकों को सलाह दी जाती है कि वे सुनिश्चित करें कि अपने पाल्य को दिए गए गृहकार्य को गम्भीरता से लें और मूल्यांकन को ध्यान में रखकर अपने पाल्य से उसे निर्धारित समय में पूरा कराएं। अवकाश के पश्चात् गृहकार्य को कक्षा शिक्षक के पास जमा करना अनिवार्य होगा।

7. स्कूल प्रशासन द्वारा प्रत्येक माह के दूसरे शनिवार को कैडेट्स आउटिंग निर्धारित किया गया है जिसमें अभिभावक स्कूल आकर अपने पाल्य से मिल सकते हैं। अभिभावकों से आशा है कि इस दिवस स्कूल आने के पश्चात् संबंधित कक्षाध्यापक एवं हाउस मास्टर से अवश्य मिलें एवं अपने पाल्य के प्रगति की जाकारी लें। यह भी देखने में आया है कि कुछ अभिभावक बिना पूर्व अनुमति के किसी भी दिन पर अपने पाल्य से मिलने आ जाते हैं। आपको ज्ञात हो कि यह एक आवासीय स्कूल है और इसकी एक निश्चित समय सारणी तथा निर्धारित गतिविधियां है, अतः अभिभावकों का असमय आना इन गतिविधियों को बाधित करता है। आप से अनुरोध है कि अनुशासन और प्रभावी प्रशिक्षण के लिए कृपया स्कूल के अधिकारियों के साथ सहयोग करें ।

8. देखा गया है कि अभिभावक कभी भी कैडेटों का शिक्षण प्रमाण पत्र, शुल्क संबंधी प्रमाण पत्र या कैडेटों को उसी दिन छुट्टी पर ले जाने के लिए उपस्थित हो जाते हैं। स्कूल प्रशासन को तत्काल उपर्युक्त अनुरोधों को पूर्ण करने में असुविधाओं का समना करना पड़ता है। अतएव अभिभावकों से अनुरोध है कि किसी भी प्रकार के दत्तावेज हेतु माता–पिता या अधिकृत मार्गरक्षी का लिखित अनुरोध प्राचार्य, सैनिक स्कूल अम्बिकापुर के समक्ष कम से कम सात दिवस पूर्व प्रस्तुत करें एवं स्कूल प्रशासन से अनुमति पश्चात् ही निर्धारित तिथि को दस्तावेज लेने हेतु स्कूल आएं। आपको सलाह दी जाती है कि विद्यालय में **पत्राचार की स्थिति में अपने मोबाईल/सम्पर्क नंबर के साथ–साथ पाल्य का नाम, स्कूल नं., हाउस तथा कक्षा का उल्लेख अवश्य करें।**

9. सैनिक स्कूल अम्बिकापुर प्रशासन का प्रयास है कि कैडटों को स्कूल में एक बेहतर वातावरण मिले। जब भी आपको अनुभव हो कि आपके बच्चे को कोई समस्या है तो उसे स्कूल प्रशासन के संज्ञान में देवें जिसके लिए आपका सदैव स्वागत है। आप कृपया स्कूल के किसी भी अधिकारी या कर्मचारी से आवश्यकतानुसार सम्पर्क कर सकते हैं। ध्यान दें कि यह एक आवासीय विद्यालय है एवं स्कूल के शिक्षकगण सुबह 08:00 बजे से दोपहर 02:00 बजे तक विद्यालय में अध्यापन कार्य में व्यस्त रहते हैं। अभिभावकों से आशा की जाती है कि आप हाउस मास्टर के समय का ध्यान रखते हुए बहुत जरूरी होने पर ही फोन करें एवं शालीनता पूर्वक बात करें। संपर्क हेतु आवश्यक नंबर जैसे हाउस मास्टर, छात्रावास, स्कूल कार्यालय के दूरभाष/मोबाईल नम्बर निम्नानुसार हैं :–

| क्र. | हाउस | हाउस मास्टर का नाम | सपंर्क नम्बर |
|---|---|---|---|
| (a) | अर्जन सिंह | श्री शशिकांत, पीजीटी | 9111155480 |
| (b) | मानेकशॉ | श्री एमएसएन राजू, पीजीटी | 9406033789 |
| (c) | करियप्पा | श्री अख्तर रजा खान, टीजीटी | 9907993669 |
| (d) | कटारी | श्री सुनील कुमार दुबे, टीजीटी | 8770309105 |
| (e) | तेजस | श्री आशीष तिवारी, टीजीटी | 9454017171 |
| (f) | अरिहन्त | श्री सौरभ कुमार जैन, टीजीटी | 9575761030 |
| (g) | विजयन्त | श्री अमरेश मणि त्रिपाठी, टीजीटी | 7000875851 |
| (h) | होल्डिंग 1 | श्रीमती दीपशिखा कुजूर, पीजीटी | 7974528903 |
| (j) | होल्डिंग 2 | श्री राजेश कुमार, टीजीटी | 9427962188 |
| (k) | नीरजा | श्रीमती निधि लाल दास, टीजीटी | 9340646343 |
| (l) | **कार्यालय**. 07774 261609 | | |
| (m) | **ई–मेल**. ssambikapur@sainikschoolsociety.in<br>**Website** : www.sainikschoolambikapur.org.in | | |
| (n) | **पत्राचार**. प्राचार्य, सैनिक स्कूल अम्बिकापुर, ग्राम– मेण्ड्राकलां, जिला–सरगुजा, छत्तीसगढ़, पिन–497001 | | |

10. ध्यान दें कि विद्यार्थी की उचित प्रगति, परीक्षा और स्कूल की अन्य गतिविधियों में भागीदारी हेतु 75 प्रतिशत से अधिक उपस्थिति अनिवार्य है। परन्तु अभिभावकों द्वारा कैडेटों की छुट्टी हेतु बार–बार आवेदन किया जाता है जो अनुचित है। आपसे अनुरोध है कि अति आवश्यक होने पर ही कैडटों के छुट्टी हेतु आवेदन करें।

11. आपसे आशा की जाती है कि आप अपने पाल्य को उचित आचरण का पालन करने हेतु सदैव प्रेरित करेंगे ताकि उसमें Officer Like Qualities (OLQs) का विकास हो सके। आपसे यह भी आशा की जाती है कि आप समय–समय पर नियमित रूप से अपने पाल्य की प्रगति का सक्रिय मूल्यांकन करते रहेंगे और उसके विकास में सतत् रूचि लेते रहेंगे तथा हाउस मास्टर, शिक्षकों एवं वरिष्ठ अध्यापक के सतत् संपर्क में रहेंगे।

12. अभिभावकों से अनुरोध है कि आप अपने पाल्य को अच्छे व्यवहार, अनुशासन व स्कूल सम्पत्ति को सुरक्षित रखने का ज्ञान दें। जान–बूझ कर स्कूल सम्पत्ति नष्ट करने पर अनुशासनात्मक कार्यवाही एवं निर्धारित जुर्माना लगाया जायेगा।

13. कृपया अपने पाल्य को नकद पैसा, कीमती आभूषण व खाद्य सामग्री न दें। **स्कूल में मोबाइल, रेडियो, अन्य इलेक्ट्रानिक उपकरण आदि पर सख्त पाबन्दी है।** यदि आपके पाल्य के पास ऐसा कोई भी सामान पाया गया तो उसे जब्त कर लिया जाएगा एवं बिना सूचना दिये नष्ट कर दिया जायेगा एवं अनुशासनात्मक कार्यवाही की जायेगी। आप अपने पाल्य को उसके पढ़ाई से संबंधित आवश्यक सामग्री जैसे किताब, कॉपी, पेन, पेंसिल आदि दे सकते हैं। आप अपने पाल्य को अपने सामान की सुरक्षा की सीख अवश्य दें।

14. कृपया अवकाश के दौरान अपने पाल्य का स्वास्थ्य परीक्षण मुख्यतः ऑख, कान, दांत का अवश्य कराएं।

15. स्कूल प्रशासन द्वारा अभिभावक के आय के आधार पर संबंधित राज्यों में छात्रवृत्ति हेतु दावा प्रस्तुत किया जाता है। कुछ अभिभावकों के द्वारा आय प्रमाण आज दिनांक तक जमा नहीं किया गया है। अतः उन अभिभावकों से अनुरोध है कि अपना आय प्रमाण पत्र शीघ्रतिशीघ्र स्कूल कार्यालय में जमा करें।

16. **अभिभावकों से अनुरोध है कि अपने पाल्य का शुल्क समय पर जमा कराएं।** जिन अभिभावकों ने शैक्षणिक सत्र 2024–25 का शुल्क जमा नहीं किया है वे अपने बकाये शुल्क का भुगतान शीतावकाश समाप्ति 11 नवम्बर 2024 से पहले करें अन्यथा आपके पाल्य को शीतावकाश के पश्चात् उपस्थित होने की अनुमति प्रदान नहीं की जाएगी या स्कूल परीक्षा में सम्मिलित होने से प्रतिबंधित किया जा सकता है अथवा सैनिक स्कूल सोसाइटी के नियमानुसार उचित कार्यवाही की जाएगी। सभी अभिभावकों को सूचित किया जाता है कि शुल्क भुगतान की रसीद अकाउंट ऑफिस से अवश्य प्राप्त करें। ध्यान दें कि सैनिक स्कूल में नकद लेन–देन का प्रावधान नहीं है। विद्यालयीन शुल्क का भुगतान स्कूल के बैंक खाता में सीधे जमा किया जा सकता है। जमा करने के पश्चात् बैंक से प्राप्त पावती के ऊपर अपने पाल्य का स्कूल नंबर अंकित कर स्कूल को भेजना होगा। स्कूल के बैंक खाता का विवरण निम्नानुसार है :–

| | | | |
|---|---|---|---|
| (क) | बैंक का नाम | :– | भारतीय स्टेट बैंक |
| (ख) | शाखा का नाम | :– | मुख्य शाखा अम्बिकापुर |
| (ग) | खाता क्रमांक | :– | 30469251040 |
| (घ) | खाता का नाम | :– | Principal Sainik School Ambikapur (Fee) |
| (च) | आईएफएससी | :– | SBIN0000310 |

17. अभिभावकों से अनुरोध है कि आप अपने पाल्य या स्कूल से संबंधित विभिन्न गतिविधियों की जानकारी के लिए स्कूल की वेबसाइट www.sainikschoolambikapur.org.in एवं एक्स ('X') हैण्डल (ट्विटर) @ssapofficial का नियमित अवलोकन करते रहें। पत्राचार हेतु स्कूल के ईमेल पता ssambikapur@sainikschoolsociety.in का प्रयोग करें।

(रीमा सोबती)
कर्नल
प्राचार्य